23. जब मैंने पहली पुस्तक खरीदी

स्वाध्याय

माँ की स्कूली पढ़ाई पर ज़ोर देने दे लेखक की पढ़ाई पर क्या असर हुआ ?

- बालक भारती बाहर की पुस्तके और पत्र-पत्रिकाए ही ज्यादा पढ़ने थे | माँ को चिन्ता रहती की बीना कक्षा की किताबे पढे लड़का पास कैसे होगा ? एक दिन पिता ने पुत्र से वादा कराया की वह पाठ्यक्रम की किताबे में भी ध्यान से पढ़ेगा और माँ की चिन्ता दूर करेगा | बालक भारत पर इसका असर हुआ | उन्होने जी-तोड़ परिश्रम किया, जिससे तीसरी और चौथी कक्षा में उनके अच्छे अंक आए | पाँचवी कक्षा में वे फर्स्ट आए तो माँ की आंखों में आँसू आ गए उसने बेटे को गले से लगा लिया |

- इस प्रकार स्कूली पढ़ाई पर माँ के ज़ोर देने से बालक भारती पाठ्यक्रम की पुस्तके भी ध्यान से पढ़ने लागे और उन्होने माँ की चिन्ता दूर की |

लेखक की प्रिय पुस्तक कौन-सी थी ? वह किन बातों से संम्बन्धित थी ?

- लेखक की प्रिय पुस्तक स्वामी दयानंद सरस्वती की जीवनी 'सत्यार्थ प्रकाश' थी | उसमें एसी घटनाए थी, जिनमें तत्कालीन पाखाड़ो का विरोध करने में स्वामीजी ने अदम्य साहस दिखाया था | स्वामीजी मूर्ति-पूजा के विरूढ़ी थे | ईश्वर और सत्य की खोज में वे तीर्थों, जंगलो में खुल भटके थे और उन्होने साधुओ का संग किया था | वे रूढ़ियो का खंडन करते थे | उन्होने आपने हत्यारे को क्षमा कर दिया था | इस तरफ दयानंदजी से संम्बन्ध रखानेवाली अनेक बाते बड़ी रोचक शैली में उनकी जीवनी में दी गई है |

बचपन में लेखक के घर में कौन-कौन सी पत्रिकाए आती थी ?

- लेखक के घर में 'आर्यमित्र', 'साप्ताहिक', 'वेदोदय', सरस्वती और गृहिणी' ये पत्रिकाए आती थी | इनके अलावा 'बालसखा' और 'चमचम' ये दो बालपत्रिकाए खास लेखक से लिए आती थी |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

बचपन में लेखक को स्वामी दयानंदाजी की जीवनी क्यों अधिक पसंद थी ?

- स्वामी दयानंदजी की जीवनी रोचक शैली में लीखी हुई थी और अनेक चित्रो से सुसज्जित थी। उसमें स्वामीजी के जीवन की अनेक रोमाचक घटनाए थी, जो लेखक को प्रभावित करती थी। इसलिए बचपन में लेखक को स्वामी दयानंदजी की जीवनी अधिक पसंद थी।

लेखक को अँग्रेजी में सबसे अधिक अंक पाने के बाद उपहार में कौन-सी दो पुस्तकें मिली थी और उनसे लेखक को क्या जानकारी प्राप्त हुई ?

- अंग्रेजी में सबसे अधिक अंक पाने पर लेखक को उपहार में दो अँग्रेजी पुस्तकें मिलि थी। पहली पुस्तक से लेखक को पक्षियो की जातियो, उनकी बोलियो और आदतों के बारे में जानकारी मिली। दूसरी पुस्तक 'ट्रस्टी द रग' थी, जिससे लेखक को पानी के प्रकारो तथा नाविकों और मछलियों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई।

लेखक की माँ ने लेखक को कितने रिपए दिये ? क्यो ?

- लेखक की माँ ने लेखक को पिक्चर देखने के लिए दो रुपये दिए थे, लेकिन लेखक पुस्तक की दुकान से दस आने की 'देवदास' नाम की पुस्तक खड़ीदते है।

लेखक को बचपन में क्या शौक था ?

- लेखक को बचपन में पाठ्यपुस्तक से बाहर की पत्रिकाए, पुस्तके आदि पढ़ने का शौक था।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

लेखक के पिता कहा के प्रधान थे ?

- लेखक के पिता रानीमंडी स्थित आर्यसमाज संस्था के प्रधान थे ।

लेखक की प्रिय पुस्तक कौन-सी थी ?

- लेखक की प्रिय पुस्तक स्वामी दयानंद-सरस्वती की जीवनी 'सत्यार्थ प्रकाश' थी ।

लेखक कौन-सी फिल्म देखने गए ?

- माँ ने फिल्म देखने के लिए दो रुपये दिये थे, लेकिन लेखक ने 'देवदास' नाम की पुस्तक खरीद ली, फिल्मी नही देखी ।

अँग्रेजी शब्दो के हिन्दी भाषा में शब्द बताइए |

लाइब्रेरी –

थियेटर –

पिक्चर –

इंडिया –

लाइब्रेरियन –

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

- लाइब्रेरी – ग्रंथालय
- थियेटर – चलचित्र-घर
- पिक्चर – चित्र
- इंडिया – भारत
- लाइब्रेरियन – ग्रंथपाल

विरुद्धार्थी शब्द :

आरंभ –

आनंद –

जीवन –

छोटा –

दु:ख –

- आरंभ – अन्त

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

- आनंद – शोक
- जीवन – मृत्यु
- छोटा – बड़ा
- दु:ख – सुख

निम्नलिखित वाक्यो में साधारण, संयुक्त या मिश्रित किस प्रकार के है बताइए |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

1 मेरे पिता आर्यसमाज रानीमंड़ी के प्रधान थे और माँ ने स्त्रीशीक्षा के लिए आदर्श कन्या पाठशाला की स्थापना की थी |

2 माँ स्कूली पठाई पर ज़ोर देती थी |

3 जल्दी जल्दी घर लौट आया और दो रूपये में से एक रुपये छह आना माँ के हाथ में रख दिया |

4 उनका आशीर्वाद था या मेरा जी तोड़ परिश्रम की तीसरे चौथे में मेरे अच्छे नम्बर आए और पांचवे दर्जे में तों मै फर्स्ट आया |

5 उस साल इण्टरमीडीएट पास किया था |

1 मेरे पिता आर्यसमाज रानीमंड़ी के प्रधान थे और माँ ने स्त्रीशीक्षा के लिए आदर्श कन्या पाठशाला की स्थापना की थी |

संयुक्त वाक्य

2 माँ स्कूली पठाई पर ज़ोर देती थी |

साधारण वाक्य

3 जल्दी जल्दी घर लौट आया और दो रूपये में से एक रुपये छह आना माँ के हाथ में रख दिया |

संयुक्त वाक्य

4 उनका आशीर्वाद था या मेरा जी तोड़ परिश्रम की तीसरे चौथे में मेरे अच्छे नम्बर आए और पांचवे दर्जे में तों मै फर्स्ट आया |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

मिश्रित वाक्य

5 उस साल इण्टरमीडीएट पास किया था |

साधारण वाक्य

निम्नलिखित शब्दो का संधि-विग्रह बताइए |

वीरोचित =

रमेश =

देवोचित =

सुरेश =

- वीरोचित = वीर + उचित
- रमेश = रमा + ईश
- देवोचित = देव + उचित
- सुरेश = सुर + ईश

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in